संपादकीय

क्या करेगी पुलिस

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में उग्र भीड़ द्वारा एक पुलिस अधिकारी की हत्या ने देश की चिंता बढ़ा दी है। कहा जा रहा है कि गोहत्या की एक घटना के बाद भीड़ बेकाबू हो गई। पुलिस ने समझाने की कोशिश की लेकिन भीड़ ने थाने पर पथराव कर दिया, वाहन फूंक डाले और इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह को गोली मार दी। समझना मुश्किल है कि गोहत्या से नाराज लोग हथियार लेकर पुलिस के खिलाफ गोलबंद क्यों हुए थे? पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही ऐसा कई बार हो चुका है कि लोग पुलिस-प्रशासन के पास इस तरह की शिकायत लेकर गए और जांच-पड़ताल के बाद मामले को शांतिपूर्वक हल कर लिया गया। लेकिन बुलंदशहर के घटना म से यह शक होता है कि भीड़ पुलिस पर हमला करने का मन बनाकर आई थी। विडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर एक संगठन के पदाधिकारियों का नाम इस मामले में खुलकर सामने आ रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि उस संगठन से जुड़े लोगों ने इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह को ही अपना निशाना बनाया क्योंकि वे कुछ साल पहले पास के दादरी में अखलाक मामले की जांच कर चुके थे। सचाई जो भी हो, किसी ठोस नतीजे पर जांच के बाद ही पहुंचा जा सकेगा। इस घटना ने फिर साबित किया है कि सुप्रीम कोर्ट के सीधे दखल के बावजूद देश में अराजक भीड़ की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं लग पाया है।

पिछले तीन-चार वर्षों में भीड़ ने कभी गोकशी तो कभी बच्चा चोरी की अफवाह में आकर कई निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। इसी साल जुलाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि भीड़ को कानून अपने हाथ में लेने का हक नहीं है लिहाजा सरकारें ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अदालत का स्पष्ट निर्देश है कि राज्य सरकारें हर जिले में एसपी स्तर के अधिकारी को नोडल ऑफिसर नियुक्त करें, जो ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाएगा। लेकिन इस निर्देश को अपने लिए अपमानजनक मानना तो दूर, सत्तारूढ़ दल के कई नेताओं ने भीड़ की हिंसा को जायज ठहरानेवाले बयान दिए, हिंसा के आरोपियों को सम्मानित भी किया। जाहिर है, इससे अराजक तत्वों का हौसला बढ़ा है और अब सीधे सरकारी मशीनरी ही उनके निशाने पर आ गई है। सोचने की बात है कि भीड़ के हाथों अपने एक अधिकारी की हत्या के बाद उत्तर प्रदेश के पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था की रक्षा के लिए जरूरी हौसला कहां से लाएंगे। और वे ही खुद को असुरक्षित महसूस करते रहे तो आम आदमी खुद को कितना सुरक्षित महसूस करेगा। राज्य सरकार को चाहिए कि वह इस मामले में जल्द से जल्द दोषियों की पहचान करे और उन्हें सजा दिलाए। अफसोस कि उसके आधिकारिक बयान में सारा जोर गोहत्या की जांच पर है, मारे गए इंस्पेक्टर का तो वहां जिक्र तक नहीं है!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सरकारी कर्मचारियों को तोहफा, एनपीएस में देगी अब 14% योगदान

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए तोहफा दिया है. मंत्रिमंडल ने गुरुवार को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में सरकार का योगदान बढ़ाकर मूल वेतन का 14 प्रतिशत कर दिया. यह फिलहाल 10 प्रतिशत है. सूत्रों ने यह जानकारी दी. हालांकि कर्मचारियों का न्यूनतम योगदान 10 प्रतिशत बना रहेगा.

मंत्रिमंडल ने कर्मचारियों के 10 प्रतिशत तक योगदान के लिए आयकर कानून की धारा 80 सी के तहत कर प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी. फिलहाल सरकार तथा कर्मचारियों का योगदान एनपीएस में 10-10 प्रतिशत है. कर्मचारियों का न्यूनतम योगदान 10 प्रतिशत पर बना रहेगा जबकि सरकार का योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में सरकारी कर्मचारियों को कुल कोष में से 60 प्रतिशत अंतरित करने को मंजूरी दी गई जो फिलहाल 40 प्रतिशत है. सूत्रों ने कहा कि साथ ही कर्मचारियों के पास निश्चित आय उत्पादों या शेयर इक्विटी में निवेश का विकल्प होगा.

उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति के समय एनपीएस में जमा धन का कोई भी हिस्सा निकालने का निर्णय नहीं करता है और 100 प्रतिशत पेंशन योजना में हस्तांतरित करता है तो उसका पेंशन अंतिम बार प्राप्त वेतन का 50 प्रतिशत से अधिक होगा. सरकार ने राजस्थान में शुक्रवार को होने वाने चुनाव के मद्देनजर इस फैसले की घोषणा नहीं की. सूत्रों ने कहा कि सरकार को अभी नई योजना की अधिसूचना की तारीख के बारे में निर्णय करना है.

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि क्षेत्र का निर्यात 2022 तक दोगुना कर 60 अरब डालर पर पहुंचाने के लक्ष्य को सामने रखते हुये कृषि निर्यात नीति को मंजूरी दे दी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुये कहा कि कृषि निर्यात नीति का मकसद क्षेत्र से चाय, काफी, चावल तथा अन्य जिंसों के निर्यात को बढ़ावा देना है। इससे वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी.

बीएसएनएल ब्रॉडबैंड प्लान दे रहा है 6 गुना तक ज्यादा डेटा

नई दिल्ली। भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) ने 299 रुपये वाले ब्रॉडबैंड प्लान में बदलाव के बाद अब यूजर्स को ज्यादा डेटा देने के लिए कुछ अन्य प्लान्स को संशोधित किया है। **BSNL** ने 675 रुपये, 845 रुपये, 999 रुपये, 1,199 रुपये, 1,495 रुपये, 1,745 रुपये और 2,295 रुपये वाले ब्रॉडबैंड प्लान को रीवाइज किया है।

सबसे प्रीमियम प्लान में प्रतिदिन 35 जीबी डेटा दिया जा रहा है। इस बार बीएसएनएल ने एक या दो नहीं बल्कि पूरे सात प्लान्स को एक साथ संशोधित किया है।

रीवाइज होने के बाद 675 रुपये वाले प्लान में 10 एमबीपीएस की स्पीड से प्रतिदिन 5 जीबी डेटा मिल रहा है। इसका मतलब एक माह में कुल 150 जीबी डेटा दिया जा रहा है। बता दें कि पहले इस प्लान में केवल 35 जीबी डेटा ही दिया जाता था। 5 जीबी डेटा के अलावा इस प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग (लोकल और एसटीडी) की भी सुविधा दी जाती है।

अमेरिका में लड़ने का सपना पूरा करेंगे विजेन्दर

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के प्रोफेशनल मुक्केबाज विजेन्दर सिंह मुक्केबाजी के मक्का कहे जाने वाले अमेरिका में लड़ने का अपना सपना पूरा करेंगे। अपने प्रोफेशनल करियर में सभी 10 मुकाबले जीत चुके ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेन्दर ने गुरूवार को यहां कहा, मेरा यह मुकाबला 2019 में फरवरी के आखिर या मार्च के शुरू में हो सकता है। मुकाबले की तारीख अभी तय नहीं हुई है लेकिन इतना तय है कि यह फरवरी-मार्च में होगा। 33 वर्षीय विजेन्दर ने हाल ही में जाने माने मुक्केबाजी प्रमोटर बॉब एरम के साथ कई वर्ष का करार किया था। सुपर मिडलवेट मुक्केबाज़ विजेन्दर ने अपने 10 मुकाबलों में से एक को छोड़कर बाकी नौ भारत में लड़े हैं। उनका एक मुकाबला इंग्लैंड में हुआ था। वह बॉब एरम के टॉप रैंक बैनर तले अगले साल अमेरिका में अपना पदार्पण करेंगे।

तीन बार के ओलंपियन विजेन्दर ने कहा, अमेरिका मुक्केबाजी का मक्का है। मेरा सपना था कि मैं अमेरिका में अपना मुकाबला खेलूं और मेरा यह सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है।

मेरे प्रमोटर नीरव तोमर मुकाबले की तारीखों को लेकर बात कर रहे हैं और यह मुकाबला अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध मेडिसन स्क्वेयर में होगा।

ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर बनाए 191 रन

एडिलेड। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज गुरुवार से शुरू हो चुकी है। सीरीज का पहला मैच एडिलेड मैदान पर खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है।

भारत के 250 रनों के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 88 ओवर में सात विकेट पर 191 रन बना लिए हैं। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रैविस हेड चट्टान की तरह क्रीज पर डटे हुए हैं।

इंश्योरेंस प्रीमियम पर मिलेगी 20 प्रतिशत तक की छूट, जानिए फायदे

नई दिल्ली। क्रेडिट स्कोर आपकी फाइनेंशियल स्थिरता बताता है. अब जमाना आ गया है हेल्थ स्कोर बताने का. आपके हेल्थ से जुड़ी सभी जानकारियों से हेल्थ स्कोर तैयार होता है जिससे आप इंश्योरेंस प्रीमियम पर 20 परसेंट की छूट भी पा सकते हैं. जानकारों के मुताबिक बीमा कंपनियों के अलावा बैंक भी हेल्थ स्कोर के जरिये रिस्क एनालिस कर सकते हैं और आने वाले वक्त में हेल्थ स्कोर का महत्व काफी बढ़ेगा. हेल्थ प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियां भी स्कोर के आधार पर अपने ग्राहकों को प्रोत्साहन दे सकती हैं. ऐप की मदद से हेल्थ से जुड़ी सभी जानकारियां इकट्ठा की जाती हैं. जानकारियों में एक्सरसाइज, रुटीन चेकअप की रिपोर्ट, दिनचर्या आदि शामिल होता है. सभी जानकारियों को शामिल कर हेल्थ स्कोर तैयार किया जाता है.

हेल्थ केयर एप्लीकेशन के प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों को फिटनेस बेल्ट दिया जाता है और सभी जानकारियों के आधार पर हेल्थ स्कोर तय होता है.

आज का राशिफल

मेषः आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि रहेगी। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है। वाणी पर संयम रखें नहीं तो कोई बड़ी हानि हो सकती है।

वृषभः परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का अवसर प्राप्त होगा। आनंद में समय व्यतीत होगा। तन-मन स्वस्थ रहेगा, मन में प्रसन्नता अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापारी व्यापार में विकास कर सकेंगे।

मिथुनः अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें और वाणी संयमित।

कर्कः सेहत का ध्यान रखें। उदर रोग से परेशानी हो सकती है। गणेशजी की सलाह हैं कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और मन को प्रसन्न रखें। आकस्मिक धन खर्च होने की आशंका है।

सिंहः नसिक परेशानी रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आ सकती है। माताजी से अनबन होने या उनकी तबीयत खराब होने की आशंका है। जमीन, मकान तथा वाहन की खरीदारी या उसके दस्तावेज से जुड़े कार्यों के लिए अनुकूल समय नहीं है।

कन्याः बिना विचारे सिर्फ साहस के बल पर कोई कदम न उठाएं। नए भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों से मेल-जोल रहेगा।

तुलाः आज नकारात्मक भाव हावी रह सकता है। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की आशंका है। अनावश्यक खर्च होगा।

वृश्चिकः गणेशजी बता रहे हैं कि आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ आनंदपूर्ण समय व्यतीत होगा।

धनुः आजक्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के संबंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार से लोग नाराज हो सकते हैं। दुर्घटना की आशंका है, सतर्क रहें।

मकरः आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। प्रिय व्यक्ति यों से मुलाकात होगी, मन रोमांचित होगा। विवाहोत्सुक व्यक्ति यों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रय से हल हो जाएंगी।

कुंभः कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे। नौकरी-व्यवसाय में अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। मानसिक रूप से स्फूर्ति महसूस करेंगे। पदोन्नति और धन प्राप्ति का योग है। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीनः शरीर में सुस्ती और थकान का अनुभव होगा। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा पैदा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा। ऑफिस में अधिकारीवर्ग के साथ संभलकर कार्य करने की गणेशजी सलाह देते हैं।

नेवले की मूर्ति घर में रखने से ये लाभ मिलने की है मान्यता!

हिंदू धर्म में घर में नेवले की मूर्ति रखना शुभ माना जाता है। आपने कुछ लोगों के घर में यह देखा भी होगा। लेकिन क्या आपने सोचा है कि ऐसा क्यों किया जाता है? और घर में नेवले की मूर्ति रखने के क्या लाभ हैं? यदि नहीं तो आज हम इस बारे में विस्तार से बात करने जा रहे हैं। नेवले को भगवान विष्णु का प्रतीक माना गया है। कहते हैं कि घर में नेवले की मूर्ति रखने से परिवार के लोगों पर विष्णु जी की कृपा बनी रहती है। नेवले की मूर्ति रखने से धनलाभ होने की भी मान्यता है। ऐसा कहा जाता है कि जिस घर में नेवले की मूर्ति रखी होती है उस घर में माता लक्ष्मी आती हैं। ऐसे लोगों को अपने जीवन में आर्थिक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता। नेवले की मूर्ति के

संदर्भ में यह भी मान्यता है कि इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है जिससे परिवार में खुशियों भरा माहौल बना रहता है। परिवार के लोग आपस में लड़ते नहीं हैं और एक-दूसरे की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। साथ ही घर में नेवले की मूर्ति होने से परिवार के लोगों की आय के स्रोत में भी बढ़ोत्तरी होने की बात कही गई है। कुछ लोग नेवले की प्रतिमा को घर में सोने के सिक्कों या सिल्ली के ऊपर स्थापित करते हैं। ऐसा करना शुभ माना गया है। माना जाता है कि ऐसा करने से आसपास के नकारात्मक भाव दूर होते हैं। कहते हैं कि सांप सदैव खजाने के ऊपर बैठते हैं और नेवला उनसे लड़कर खजाने को खोलता है। ऐसे में यह माना जाता है कि घर में नेवले की मूर्ति लगाने से परिवार के लिए धन प्राप्ति के स्रोत खुल जाते हैं। इससे घर के लोगों को धनलाभ होता है।

पहली प्रो वॉलीबाल लीग की नीलामी 14 दिसम्बर को

नयी दिल्ली (आरएनएस)। पहली प्रो वॉलीबाल लीग का खिलाड़ी ड्राफ्ट और नीलामी 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित होगी जिसमें हिस्सा लेने वाली छह टीमें अपने खिलाड़ी चुनेंगी। बेसलाइन वेंचर्स और भारतीय वॉलीबाल महासंघ की पहल पर हो रही इस लीग का आयोजन 2 से 22 फरवरी तक कोच्चि और चेन्नई में दो चरणों में किया जाएगा।

वॉलीबाल लीग की नीलामी में 100 से ज्यादा भारतीय खिलाड़ी और अंतर्राष्ट्रीय सितारे दाव पर रहेंगे। नीलामी के लिए 117 भारतीय खिलाड़ियों को चार वर्गों आइकन खिलाड़ी, भारतीय सीनियर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, घरेलू खिलाड़ी और अंडर-21 खिलाड़ियों में बांटा गया है। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को ड्राफ्ट प्रक्रिया के जरिये चुना जाएगा। भारतीय आइकन खिलाडियों में अखिन, उकरा पांडियन, दीपेश, गुरिंदर सिंह, विनीत कुमार, जेरोम विनीत और प्रभागरन एस शामिल हैं।

शास्त्री को पृथ्वी के जल्द टीम में लौटने की उम्मीद

एडिलेड (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ टखने की चोट से तेजी से उबर रहे हैं। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, शास्त्री ने कहा कि पर्थ में 14 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पृथ्वी को पर कुछ फैसला लिया जा सकता है।

शास्त्री ने आस्ट्रेलियाई रेडियो चैनल सेन रेडियो से कहा, पृथ्वी का चोटिल होना दुखद है, लेकिन अच्छी बात यह है कि उनकी चोट में तेजी से सुधार हो रहा है। हम भी चाहते हैं कि वह खेलें। उन्होंने चलना शुरू कर दिया है। अगर उन्होंने अगले सप्ताह तक दौड़ना शुरू कर दिया तो हमारे लिए यह अच्छा संकेत होगा।

काजू करी बनाने की विधि

काजू करी खाने का शौक आपको बहुत होगा लेकिन बार बार आप बाहर का भी नहीं खा सकते. इसलिए जरुरी है इसे घर में ही बनाना सीख लें ताकि बार बार बाहर ना जाना पड़े और आपका काम भी हो जाये. आज हम आपको इसी की रेसिपी बताने जा रहे हैं जिससे आप भी अपने घर में काजू कड़ी बना सकते हैं. आइये जानते हैं इसकी रेसिपी.

काजू करी बनाने की सामग्री :

2 चम्मच बटर
1 चम्मच लहसुन-अदरक का पेस्ट
3 चम्मच प्याज का पेस्ट
2 चम्मच काजू का पेस्ट
1 चम्मच खसखस का पेस्ट
2 चम्मच नारियल का पेस्ट
2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
2 छोटे चम्मच गरम मसाला पाउडर
1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
3 चम्मच फ्रेश ीम
2 चम्मच दूध
स्वादानुसार नमक
जरुरत के मुताबिक खाने का तेल
1 कप काजू

काजू करी बनाने की विधिः

* बर्तन में बटर डालकर गर्म करे और उसमे अदरक-लहसुन और प्याज का पेस्ट डाले. 3 मिनट तक मिश्रण को तले. अब मिश्रण में काजू, खसखस और नारियल का पेस्ट डाले और तैयार मिश्रण को अच्छी तरह मिलाये.
* बाद में उसमें लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और हल्दी पाउडर डाले. मिश्रण को अच्छी तरह मिलाये और अब उसमे फ्रेश क्रीम, दूध और नमक मिलाये. मिश्रण को अच्छी तरह मिलाये और 2 मिनट तक तलते रहे. और अलग रख दे.
* अब एक कढाई में तलने के लिये तेल डालकर गर्म करे. अब गर्म तेल में काजू को तले और ग्रेवी तैयार करे. ग्रेवी को अच्छी तरह मिलाकर उसे परोसे. इस तरह आपकी डिश तैयार ह जाएगी.

शब्द सामर्थ्य-10

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 09 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू-10

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.09 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1